हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 12 अगस्त, 2025



06 सड़क दुर्घटना पीड़ितों को दिलाया जाए कैशलेस...





07 राजगढ़ में भी हो सकता है गागोरनी गैस सिलेंडर...






## खबर संक्षेप

### रुद्राणी महायज्ञ होगा कलश यात्रा आज

**सीहोर।** सात दिवसीय श्रीमद् भागवत 108 श्रीसत्यनारायण कथा मूल पाठ एवं मां रुद्राणी महायज्ञ का आयोजन रुणिचा धाम बाबा रामदेव मंदिर मुकातीपुरा इछावर में किया जाएगा। आयोजन के शुभारंभ को लेकर मंगलवार को नगर में भव्य कलश यात्रा श्रद्धालुओं के द्वारा निकाली जाएगी। आचार्य पंडित आनंद मोहन शुक्ला के मुखारविंद से मंगलवार से सोमवार तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन होगा। भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव,श्री गोवर्धन पूजा,रुक्मणी विवाह प्रसंग होंगे।

### युवा संगम रोजगार और अप्रेन्टिसशिप मेला आज

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 अगस्त 2025 को सुबह 11 से 4 बजे तक डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग के द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जाएंगे।

### 15 को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया

सीहोर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरू के. ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीहोर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी आदेशानुसार 15 अगस्त को शुष्क दिवस में जिले की सभी कंपोजिट मदिरा दुकानें, एफएल 3 होटलबार, रिसोर्टबार, गोदाम एवं देशी मद्यभंडार बंद रहेंगे।

### आज निर्वाचन के लिए सम्मिलन होगा

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में पूर्व से उप सरपंच के रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए 12 अगस्त 2025 को निर्वाचित पंचों एवं सरपंच का सम्मिलन आयोजित कराने के निर्देश दिए गए है। उल्लेखनीय है कि पंचायतो के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध)में पंच पदों के निर्वाचन परिणाम की घोषणा 29जुलाई2025 को संपन्न हो चुकी है।

### लंबी-लंबी कतारों में घंटों इंतजार के बाद 70 से 80 साल की बुजुर्ग महिलाओं को बमुश्किल मिला खाद

# खाद के लिए जद्दोजहद: किसानों ने यूरिया के लिए इंदौर-भोपाल मार्ग पर किया चक्काजाम

किसानों के आक्रोश को देखते हुए तत्काल ही मार्कफेड के कर्मचारियों ने टोकन बांटना शुरू कर दिए। इस दौरान लगभग आधा घंटे तक मुख्य सड़क मार्ग बाधित रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा



**भैरुंदा।** परेशान किसानों ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर किया धरना प्रदर्शन



**भैरुंदा।** लंबी कतारों में सैकड़ों किसान अपनी बारी का इंतज़ार करते हुए

एक तरफ भाजपा सरकार प्रदेश की महिलाओं को लाडली बहना के रूप में निरूपित कर वाह-वाही लूट रही है। दूसरी तरफ सरकार की इन्हीं बहनों को खाद के लिए घंटो तक लाइन में खड़े रहकर जद्दोजहद करना पड़ रहा है। 70 से 80 वर्ष की महिलाएं अपने खेतों की फसलों को बचाने के लिए खाद लेने सुबह 7 बजे से भैरुंदा मध्य प्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के किसान समृद्धि केंद्र पर लाइन में लगी रही। लेकिन मार्कफेड के अधिकारी कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचे। नतीजा यह हुआ कि महिलाओं के साथ ही किसानों को घंटो तक इंतजार करना पड़ा। सरकार के लिए इससे ज्यादा शर्मनाक क्या बात होगी जब बुजुर्ग महिलाओं को ही खाद लेने के लिए अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ें। यहां पर महिलाओं के प्रति सरकार की संवेदनशीलता के दावों की पोल खुलती नजर आई। लंबे इंतजार के बाद मार्कफेड के अधिकारी कर्मचारियों ने प्रत्येक किसान को पांच बोरी खाद उपलब्ध कराया। इसके लिए दो अलग-अलग जगह पर व्यवस्थाएं बनाई गई। दूसरी और सुबह 6 बजे से पहले ही खाद लेने के लिए गोदाम में पहुंचे किसानों का गुस्सा सुबह 10:30 बजे के लगभग फूट पड़ा और किसानों ने मुख्य इंदौर भोपाल सड़क मार्ग को जाम कर दिया। किसानों के आक्रोश को देखते हुए तत्काल ही मार्कफेड के कर्मचारियों ने टोकन बांटना शुरू कर दिए। इस दौरान लगभग आधा घंटे तक मुख्य सड़क मार्ग बाधित रहा। गोदाम प्रबंधक ने कहा कि खाद की उपलब्धता होने के तत्काल बाद किसानों को सूचना देकर खाद का वितरण कराया गया है। सोमवार को खाद देने पहुंचे किसानों को पांच बोरी के हिसाब से खाद दिया गया।

### किसानों के आक्रोश के बाद शुरू हुआ टोकन वितरण

खाद के लिए इंतजार कर रहे 300 से भी अधिक किसानों का 5 घंटे से भी अधिक का लंबा इंतजार आखिरकार सुबह 11 के लगभग चक्का जाम में तब्दील हो गया। किसान सुबह 6 बजे से लाइन में लगे थे। वह अधिकारियों के आने का इंतजार कर रहे थे। लेकिन जब 11 तक भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे तो किसान केन्द्र से बाहर निकले और मुख्य सड़क पर ही बैठ गए। सैकड़ो किसानों की भीड़ ने सड़क को जाम कर दिया। इस दौरान दोनों और वाहनों की लंबी कतारे लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाया लेकिन किसान अधिकारियों के रवैये को लेकर आक्रोशित था। किसानों के चक्का जाम को देखते हुए कर्मचारियों ने बिना देर किए टोकन का वितरण शुरू कर दिया। इसके बाद कहीं जाकर किसानों को खाद मिल सका।

**सोसाइटी में खाद नहीं- फसलों को बचाना जरूरी, इसलिए लगना पड़ा लाइन में :** सोमवार को क्षेत्र ग्राम तिलाड़िया निवासी 80 वर्षीय पुनिया बाई व सेमल पानी निवासी 70 वर्षीय सीताबाई लंबे समय से खाद की समस्या से परेशान होने पर भैरुंदा के किसान समृद्धि केंद्र पर खाद लेने के लिए सुबह 7 बजे ही लाइन में लग गई थी। दोनों बुजुर्ग महिलाओं ने चर्चा के दौरान बताया कि लंबे समय से उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा। सेवा सहकारी समितियां में भी खाद की उपलब्धता नहीं है ऐसे में अपनी फसल को बचाने के लिए खाद आवश्यक है। उन्हें जब पता चला कि भैरुंदा में सोमवार को खाद का वितरण होगा तो वह सुबह जल्दी इस उम्मीद के साथ आई की भीड़ लगने से पहले ही वह खाद ले लेंगी। लेकिन केंद्र पर पहुंच कर देखा तो पहले से ही किसानो की भीड़ यहां पर मौजूद थी। इसके बाद भी महिलाएं केंद्र पर ही बैठी रही और 5 घंटे के लंबे इंतजार के बाद वह मुश्किल इन्हें टोकन मिल सका।

### कृषि विस्तार अधिकारी बताते हैं समय- वितरण व्यवस्था की नहीं दी जाती जानकारी

खाद लेने के लिए लाइन में लगे छिदगांव मौजी के कृषक नानकराम यदुवंशी ने बताया कि अधिकारियों की मनमर्जी का खामियाजा हमें भुगतना पड़ रहा है। मार्कफेड के गोदाम में कार्यरत कर्मचारी ही किसानों को भड़काने का काम करते हैं। खाद की समस्या को लेकर जब किसान ने कृषि विस्तार अधिकारी से चर्चा की तो उन्होंने किसान को अपना समय बताते हुए कहा कि मेरा समय 10:30 बजे आने का है उसके बाद ही मैं ऑफिस पहुंचूंगा। किसान ने आरोप लगाया कि खाद की उपलब्धता होने के बावजूद भी छोटे किसानों को परेशान किया जाता है और खाद की कालाबाजारी ऊंचे दामों पर होती है। किसान राजेश शर्मा ने कहा खाद वितरण की व्यवस्था में सूचना पहले उपलब्ध कराना चाहिए। जिससे किसानों को यह पता चल सके की खाद का वितरण कब होगा। किसानों के मुताबिक कार्यालय में बैठे कर्मचारियों के द्वारा अभद्र भाषा का इस्तेमाल भी किसानों से किया जाता है। इस दौरान निर्धारित समय अवधि भी नहीं बताई जाती।

### 93 टन यूरिया का किया वितरण- 3200 टन की आवश्यकता

गोदाम प्रभारी महेंद्र मेवाड़ा ने बताया कि किसानों को सोमवार को 93 टन यूरिया का वितरण किया गया। जिसमें 44 टन मार्केटिंग सोसायटी 49 टन डबल लाक वितरण केंद्र से किया गया। अभी भी 3200 टन यूरिया की आवश्यकता है। शासन स्तर पर पहले ही मांग भेजी जा चुकी है। गोदाम प्रभारी के मुताबिक रैंक लगने के बाद किसानों को खाद का वितरण प्राथमिकता के साथ किया जाता है।

# बस ने बाइक सवारों को मारी टक्कर सड़क से दूर जाकर पलटी, 22 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुधनी



सोमवार दोपहर बरेली से नर्मदापुरम जा रही बस बगवाड़ा के पास बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद पलट गई जिसमें 20लोगों को चोटें आईं हैं वहीं बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम दिनेश तोमर,तहसीलदार ललित सोनी,एसडीओपी रवि शर्मा,थाना प्रभारी डीएसपी चैन सिंह रघुवंशी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बरेली से नर्मदापुरम जा रही मालवीय बस क्रमांक एमपी 38पी0612 ने ग्राम बगवाड़ा के पास मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी और खेत में जाकर पलट गई मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बगवाड़ा निवासी मांगीलाल पुत्र स्वर्गीय सुंदरलाल उम्र 49वर्ष एवं हिमेश पुत्र मांगीलाल उम्र लगभग 17वर्ष दोनों बाइक सवार पिता पुत्र को नर्मदापुरम पहुंचाया वही घायलों को एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल लाया गया थाना प्रभारी डीएसपी चैन सिंह रघुवंशी ने बताया कि बस में सवार 20 सवारियों को चोटें आई हैं वही बाइक सवारों को नर्मदापुरम इलाज के लिए ले जाया गया है।

### सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए

# कुबेरेश्वरधाम: कंकर-कंकर में हैं शंकर, रोज आ रहे हजारों में श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



कंकर-कंकर शंकर का अर्थ है कि कुबेरेश्वर धाम में हर कंकर को भगवान शिव का रूप मानकर पूजा जाता है, और यह इस धाम की एक अनूठी विशेषता है। सोमवार को भी करीब 20 हजार से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने धाम पर पहुंचकर भजन-कीर्तन और ध्यान के साथ बाबा का अभिषेक किया। इन दिनों बड़ी संख्या में महाराष्ट्र के श्रद्धालु आ रहे है। जिससे शहर के सीवन घाट से करीब 11 किलोमीटर भक्तिभाव से धाम पर पहुंच रहे है और अभिषेक का क्रम जारी है। जानकारी के अनुसार सोमवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, शाम को बाबा की आरती की गई। वहीं सुबह यहां पर अनेक श्रद्धालु कांवड लेकर पहुंचे, कांवड़ का महत्व सदियों पूर्व का है। कांवड़ यात्रा सिर्फ यात्रा नहीं भक्तों के असीम धैर्य, प्रेम व लगन का संगम है। जहां-जहां कांवड़िए दिखाई देते हैं ऐसा लगता है भक्ति वहां स्वयं प्रकट हो गई।

**धाम पर हर तरफ भक्ति, यात्रा, पूजन, कीर्तन :** विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि 12 ज्योर्तिलिंग के मध्य में प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम करोड़ों श्रद्धालुओं का केन्द्र है। यहां पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में आने वाले श्रद्धालुओं ने निशुल्क भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जाती है। यहां पर आने वाले हजारों की संख्या में श्रद्धालु धाम पर कंकर-कंकर में शंकर की पूजा अर्चना करते है।

भगवान शिव वैसे तो हमेशा ही अपने भोलेपन में खुश होकर भक्तों को वरदान देते रहे हैं भक्तों की भावनाओं को, उनके द्वारा किये अभिषेक को वे सहर्ष स्वीकार करते हैं।

ऐसी भक्तों की आस्था है, वैदिक धर्म को मानने वाले ईश्वर के जन्मोत्सव, विवाह आदि को भी अपनी रुचि के अनुसार मनाकर उस ईश्वर के सामीप्य को महसूस कर स्वयं को आनन्दित करते हैं। भक्ति, यात्रा, पूजन, कीर्तन आदि उनके दैनिक जीवन के अंग हैं।





## खबर संक्षेप


### दूसरी यात्रा तिरूपति के लिए आवेदन 12 तक

**सीहोर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत जिले के तीर्थी यात्री के लिए जिल से दो यात्रा आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के लिए जारी निर्देशानुसार दूसरी यात्रा तिरूपति 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक यात्री बर्थ-200 और अनुरक्षक एव सुरक्षाकर्मी-4रहेगें। यात्रा के लिए आवेदन 12 सितम्बर तक किया जा सकता हे। डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुमार कुशवाह ने सभी सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगर पालिका को निर्देश जारी किये है कि आवेदकों से आवेदन प्राप्त करने के लिए अपने-अपने स्तर पर यात्रा का प्रचार-प्रसार करें एवं सभी आवेदकों से निर्देशों का पालन करते हुए आवेदन लिए जावे एवं आवेदनों की सूची कलेक्ट्रेट कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध करावें।

### केएल बैरागी व सुंदरलाल राठौर ने दिया इस्तीफा

**सीहोर।** म.प्र.पेंशनर्स समाज





संगठन के उप प्रांत अध्यक्ष के पद पर रहते हुए के.एल.बैरागी द्वारा पेंशनर्स हित में कार्य करते हुए अपना दायित्व निभा रहे थे। श्री बैरागी ने बताया कि म.प्र.पेंशनर्स समाज संगठन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा विगत दो वर्षों से पेंशनभोगी समाज की भलाई के लिए कोई स्पष्ट नीति या दिशा निर्धारित नहीं की गई है। इसके विपरीत, संगठन ने राजनीतिक दल का गठन किया है और समाज के सदस्यों को उस राजनीतिक दल के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है, जो कि पेंशनभोगी समाज की मूल भावना एवं उद्देश्यों के विपरीत है। इस परिस्थिति में मैं स्वयं को नैतिक रूप से असहज महसूस कर रहा हूं और मैं दिनांक 10-08-2025 से पेंशनभोगी समाज से संबंधित सभी जिम्मेदारियों और दायित्वों से स्वयं को अलग कर रहा हूं।

### बिजली का दुरुपयोग पाए जाने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि अब ई-वाहन/ई-रिक्शा आदि की चार्जिंग में विद्युत का दुरुपयोग पाए जाने पर कार्रवाई होगी। कंपनी ने कहा है कि ई-वाहन तथा ई-रिक्शा मालिकों द्वारा उनके वाहनों की चार्जिंग में बिजली का दुरुपयोग किया जाना संज्ञान में आया है। कंपनी ने कहा है कि मैदानी अधिकारियों द्वारा यदि जांच में ऐसा पाया जाता है तो वाहन जप्त कर विद्युत अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

---

टीएल बैठक में अनुपस्थित तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों को दिलाया जाए कैशलेस इलाज योजना का लाभ : कलेक्टर बालागुरु के.

### कलेक्टर बोले बीमारी से फसलों के बचाव के लिए कृषि अधिकारी किसानों को प्रदान करें उचित मार्गदर्शन एवं सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी विभागों के समय-सीमा प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीएल बैठक में सभी विभागों के जिला अधिकारी ही उपस्थित रहें। यदि जिला अधिकारी शासकीय कार्य से बाहर जाते हैं, तो जाने से पहले सूचित करें और अपने अधीनस्थ अधिकारियों को पूरी जानकारी के साथ ही टीएल बैठक में उपस्थित होने के लिए निर्देशित करें। कलेक्टर बालागुरू के टीएल बैठक में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक महेश यादव, मार्कफेड के नीरज भार्गव तथा महिला पॉलिटेक्निक के प्राचार्य चंद्रशेखर ढ़ाभू को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा है कि "हर घर तिरंगा₹ केवल सिर्फ एक अभियान नहीं, यह हमारे गौरव और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान हमें हमारी आज़ादी के संघर्ष, बलिदान और समर्पण की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक है। कलेक्टर बालागुरू के. ने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के आयोजन के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों तथा अधिक से अधिक नागरिकों को इस अभियान से जोड़ा जाए और इस अभियान को व्यापक स्तर पर प्रभावी रूप से संचालित किया जाए। कलेक्टर बालागुरु के. ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के तहत अपने-अपने संस्थानों एवं विभागीय स्तर पर गतिविधियां आयोजित कराई जाएं। इसके साथ ही जिले के सभी स्कूलों में भी शिक्षा द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार गतिविधियों का आयोजन किया जाए।

बैठक में कलेक्टर बालागुरु के. ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए की सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित व्यक्ति को केंद्र सरकार की कैशलेस इलाज योजना का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति के लिए केंद्र सरकार ने ₹सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना, 2025₹ शुरू की है, जिसके तहत डेढ़ लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज दिया जाएगा। इसके साथ ही राहवीर योजना का भी अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में होने वाले ज्ञात तथा अज्ञात वाहनों की दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के परिजनों को राहत राशि प्रदान करने की करवाई शीघ्रता से की जाए।

बैठक में कलेक्टर बालागुरु के. ने मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना 2.0 संबल योजना के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना से संबंधित प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई करें ताकि मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद शीघ्र मिल सके। बैठक में उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए की अतिवर्षा एवं सूखे के कारण फसलों के नुकसान की सूचना मिलने वाले पर वास्तविक जानकारी एकत्रित करें। इसके साथ ही फसलों में होने वाली बीमारी से फसलों के बचाव के लिए कृषि अधिकारी किसानों को उचित मार्गदर्शन एवं सलाह प्रदान करें। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित वन अधिकार पट्टों, वन व्यवस्थापन एवं वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की कार्रवाई तेजी से की जाए।

बैठक में कलेक्टर शबालागुरू के. पेंशन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि पेंशन संबंधी सभी प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी कॉलेजों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थाओं में शत-प्रतिशत एडमिशन हों, कोई भी बच्चा ड्रॉपआउट न करे। यदि कोई बच्चा आर्थिक कारणों से ड्रॉपआउट करता है, तो उसे एवं उसके परिजनों को आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों को खाद बीज के लिए परेशान न होना पड़े, इसके लिए जिले में उर्वरक एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों में शिक्षक समय से स्कूल पहुंचें। इसके साथ ही शिक्षा के लिए उत्कृष्ट कार्य और नवाचार करने वाले शिक्षकों को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित भी किया जाए। उन्होंने स्मार्ट मीटर की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि नागरिकों को स्मार्ट मीटर के बारे में जानकारी दी जाए और भ्रांतियों को दूर किया जाए, ताकि नागरिकों की शिकायतों को निराकृत किया जा सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम जमील खान, श्री तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।।

---

## तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशभक्ति के प्रति जागरूकता कार्यक्रम




**सीहोर।** मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर द्वारा ग्राम कचनारिया में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कचनारिया के माध्यम से हर घर तिरंगा एवं हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। इस यात्रा में प्रदीप सिंह सेंगर विकासखंड समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात अतिथि द्वारा ग्राम के उपस्थित व्यक्तियों को हर घर तिरंगा अभियान से देशभक्ति एवं स्वतंत्रता के महत्व से अवगत कराया साथ ही स्वच्छता के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।इस प्रकार से हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता के अंतर्गत स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित मेंटर्स जितेंद्र परमार, वरिष्ठ समाजसेवी भादर सिंह मेवाड़ा, रमेश सिंह मेवाड़ा, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।प्रस्फुटन समिति प्रतिनिधि राहुल मेवाड़ा, सुलोचना मेवाड़ा, नीतू मेवाड़ा, लाड़कुंवर मेवाड़ा, उमा मेवाड़ा एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

## तिरंगा यात्रा और स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में विधायकों ने दिया देशभक्ति व स्वच्छता का संदेश



**सीहोर।** नागरिकों में देशभक्ति और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश में 2 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के स्कूलों में चित्रकला, निबंध, रैली और रंगोली जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, ताकि बच्चों में देशभक्ति और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े। इसके साथ ही जिले के सभी ग्राम पंचायत भवनों, सामुदायिक स्वच्छता परिसरों, शासकीय एवं प्रशासकीय कार्यालयों में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत जिले के स्कूलों, पंचायतों, में अनेक स्थानों पर तिरंगा प्रश्नोत्तरी, तिरंगा सजावट, तिरंगा रैली, तिरंगा शपथ, तिरंगा रंगोली, स्वच्छता संवाद, स्वच्छता शपथ, संस्थागत स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

**सीहोर जनपद के ग्राम सतोरनिया में विधायक ने किया स्वच्छता श्रमदान :** हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता ,स्वतंत्रता का उत्सव-स्वच्छता के संग₹ अभियान के तहत सीहोर जनपद के ग्राम सतोरनिया में तिरंगा रैली, स्वच्छता संवाद एवं स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय तथा एसडीएम तन्मय वर्मा ने स्वच्छता के लिए श्रमदान किया और तिरंगा रैली के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया। उन्होंने स्वच्छता मित्रों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में सीहोर जनपद सीईओ नमिता बघेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित शामिल हुए।

### ग्राम खड़ीहाट में निकाली गई तिरंगा रैली

हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता ,स्वतंत्रता का उत्सव-स्वच्छता के संग₹ अभियान के तहत आष्टा जनपद के ग्राम खड़ी हाट के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में तिरंगा रैली, स्वच्छता संवाद एवं स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान शामिल हुए और नागरिकों को हर घर तिरंगा फहराने और स्वच्छता के लिए निरंतर कार्य करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में विधायक इंजिनियर ने ग्राम पंचायत के स्वच्छता मित्रों को स्वच्छता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में धारासिंह पटेल, जनपद सीईओ अमित व्यास सहित, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

**तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशभक्ति के प्रति जागरूकता कार्यक्रम :** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा सीहोर जनपद के ग्राम कचनारिया में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। तिरंगा यात्रा में स्कूली बच्चों ने ग्रामवासियों को हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभक्ति एवं स्वतंत्रता के महत्व से अवगत कराया। इसके साथ ही स्वच्छता का संदेश भी दिया।

## जिले में 670.4 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 18.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 3.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0.0, आष्टा में 8.0, जावर में 2.0, इछावर में 50.0, भैरूंदा में 19.0, बुधनी में 60.0, रेहटी में 6.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में 1 जून से 11 अगस्त को सुबह 8 बजे तक 670.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 757.9 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 11 अगस्त 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 680.8, मिलीमीटर, श्यामपुर में 664.1, आष्टा में 752.0, जावर में 403.4.0, इछावर में 664.3, भैरूंदा में 652.0, बुधनी में 975.0 तथा रेहटी में 870.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष ऋतु के दौरान मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जारी एडवाइजरी अनुसार कपकपी के साथ तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी होना, बेचैनी, कमजोरी, सुस्ती, मितली, ठंड, तपन महसूस होना आदि मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। इसे बचाव के उपाये आवश्य करें और नजदीकी चिकित्सालय में जा कर डॉ. को दिखाये और उपचार कराये।

## जन्माष्टमी पर करें कन्हैया के बाल गोपाल स्वरूप का पंचामृत स्नान:पं. शर्मा

**सीहोर ।** जन्माष्टमी पर कन्हैया के बाल गोपाल स्वरूप का पंचामृत स्नान पुण्य दायक होगा। भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जायेगी। अष्टमी तिथि शुक्रवार को मध्य रात्रि से प्रारंभ होगी इसलिए शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी विधिविधान से मनाई जायेगी।

पंडित सुनील शर्मा के अनुसार भगवान विष्णु ने द्वापर युग में माता देवकी वासुदेव के यहाँ भाद्रपद मास अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में जन्म लिया था। भगवान श्रीकृष्ण के भक्तों के लिए श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महत्वपूर्ण पर्व है। मंदिरों में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे तो वही यदुवंशी समाज भव्य चल समारोह निकालेगा। पंडित शर्मा ने पूजन विधि बताते हुए कहा कि जन्माष्टमी पर्व पर श्रद्धालुओं को सुबह स्नान कर व्रत का संकल्प लेना और भगवान श्री कृष्ण के नाम का उच्चारण व मनन करना शुभ फलदायी होगा। श्रद्धालुजन जन्माष्टमी पर घर और मंदिर की साज सज्जा कर रंगोली बनाए और भगवान के बाल गोपाल स्वरूप का पंचामृत स्नान मक्खन मिश्री, पंजीरी, ऋतुफल बांसुरी, मोर पंख,तुलसी दल वैजयंती माला भेट करना शुभ होगा। जन्माष्टमी को भगवान के भजन गीता पाठ व विष्णु सहस्त्रनाम गोपाल सहस्त्रनाम आदि का पाठ एवं गौ सेवा करना भी मंगल दायक होगा।

### नवीन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 20 अगस्त तक

**सीहोर।** पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना शैक्षणिक सत्र 2024-25 अतर्गत नवीन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रारंभ हो गया है जिसकी अंतिम तिथि 20 अगस्त निधारित की है। इसके लिए एमपी टॉस पोर्टल खोला गया है। समस्त संस्थाएं यह सुनिश्चित करे कि उनकी सस्था में अध्ययनरत कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने से वंचित न रहे। सहायक सचालक पिछडा वर्ग ने समस्त सस्थाएँ को कहा है कि वो 20 अगस्त तक पात्र विद्यार्थियों से सपर्क कर छात्रवृत्ति आवेदन समय-सीमा में कराना सुनिश्चित करे जिससे विद्यार्थियां को छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त हो सक। निर्धारित समय-सीमा के बाद कोई भी विद्यार्थी आवेदन करने से वंचित रहता है. तो इसकी संपूर्ण जबावदारी संबंधित सस्था / विद्यार्थी की होगी।

## भगवान धरणीधर जन्मोत्सव पर गूंजेगा उत्सव का डंका



### धाकड़ समाज निकालेगा भव्य वाहन रैली, तैयारियों में जुटे युवा और वरिष्ठ सदस्य

**सीहोर ।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी धाकड़ समाज, इछावर जिला सीहोर द्वारा आगामी 14 अगस्त 2025 को भगवान धरणीधर जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसकी तैयारी को लेकर रविवार को बैठक आयोजित की गई।

जिसमें आयोजकों ने बताया कि इस अवसर पर समाज द्वारा डीजे के साथ भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी, जो ग्रामदेवी दशहरा मैदान इछावर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, मुख्य बाजार, पुलिस थाना चौराहा होते हुए मेहता गार्डन, वार्ड 12, इछावर में संपन्न होगी। बैठक की अध्यक्षता जगदीश धाकड़ ने की, बैठक की शुरुआत भगवान धरणीधर जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर की गई। बैठक में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय धाकड़ युवा संघ के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र नागर, सीहोर शहर अध्यक्ष विनोद नागर सहित, भोजराज नागर, राधेश्याम नागर, दिनेश नागर, रामसिंह नागर, मोहन नागर, निखिल नागर, राजकुमार नागर, गजेंद्र नागर, मुरलीधर नागर, रामस्वरूप नागर, जसरथ नागर, ब्रजेश नागर, राकेश नागर, ह्रदेश नागर, राजेंद्र नागर, महेंद्र नागर, महेश नागर सामाजिक बन्धु उपस्थित रहे। बैठक में सर्व सहमति से चल समारोह अध्यक्ष पुनः तेजपालसिंह नागर को मनोनित किया गया। तेजपाल यादव ने ने सभी स्वजाति बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए भगवान धरणीधर जी के भव्य जन्मोत्सव कार्यक्रम में समय पर पधारने और उक्त आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप देने की अपील की है।

---

एनआईसी कक्ष से वीसी में शामिल हुए कलेक्टर-एसपी सहित अन्य अधिकारी

# हर घर तिरंगा अभियान की गतिविधियों की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के संबंध में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित कर अभियान की गतिविधियों की समीक्षा की। सीहोर कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी वीसी में शामिल हुए। वीसी के पश्चात कलेक्टर बालागुरू के. ने हर तिरंगा अभियान के आयोजन के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि जनप्रतिनिधियों तथा अधिक से अधिक गणमान्य नागरिकों को इस अभियान से जोड़ा जाए।

कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में प्रत्येक अनुभाग स्तरीय पर्यटन एवं पुरातत्व संबंधी साइट्स पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत 12 अगस्त को जिला मुख्यालय पर मानव श्रृंखला तथा बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा का आयोजन तथा 14 अगस्त को मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

### राजगढ़ शहरी क्षेत्र में नियम विरुद्ध आबादी के बीच स्थित है एलपीजी का गैस गोदाम

# राजगढ़ में भी हो सकता है गागोरनी गैस सिलेंडर ब्लास्ट जैसा हादसा!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

रक्षाबंधन के दिन जीरापुर क्षेत्र के गागोरनी गांव में एक दुकान में रखे छह गैस सिलेन्डरों में अचानक ब्लास्ट होने की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी। गनीमत से इस ब्लास्ट में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन गागोरनी जैसा उक्त हादसा राजगढ़ शहर में भी कभी भी होने की संभावना बनी हुई है। दरअसल, शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी(लिक्विड पेट्रोलियम गैस) सिलेन्डरों की आपूर्ति के लिए वीनस गैस एजेंसी का गैस गोदाम राजगढ़ शहर के मध्य आबादी वाले क्षेत्र में स्थित है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के नियमानुसार अत्यंत ज्वलनशील एलपीजी गैस का गोदाम शहरी आबादी से दूर स्थित होना चाहिए। लेकिन, प्रशासनिक लापरवाही के चलते यह गोदाम वार्ड नंबर-14 में बाराद्धारी जैसी घनी बस्ती के ठीक समीप स्थित है। इसी गोदाम में एलपीजी गैस की टंकियों का स्टॉक रखा जाता है और यहीं से पूरे शहर में गैस सिलेन्डरों की आपूर्ति होती है। नियमों के विरुद्ध शहरी आबादी के मध्य संचालित हो रहे इस गैस गोदाम को खुले क्षेत्र में शिफ्ट करने पूर्व में प्रशासन द्वारा एजेंसी संचालक को नोटिस इत्यादि देने की औपचारिक कार्यवाहियां जरूर हुई हैं लेकिन, आज तक यह गोदाम खुले क्षेत्र में शिफ्ट नहीं किया जा सका है।

### सिर्फ नोटिसों तक सीमित रहती है प्रशासनिक कार्रवाई






### क्या कहता है नियम

एलपीजी एक बेहद ज्वलनशील गैस है एवं इसके गोदामों में आग या विस्फोट का खतरा हमेंशा बना रहता है। इंडियन ऑइल कारपोरेशन के नियमानुसार एलपीजी गोदाम शहरी क्षेत्र में नहीं होना चाहिए। शहरी क्षेत्र में एलपीजी गोदामों के होने से सुरक्षा संबंधी खतरे बढ़ सकते हैं। ऐसे में इन्हें शहरी क्षेत्र से दूर खुले और सुरक्षित स्थानों पर ही बनाया जा सकता है।

### वाहन पहुंचने योग्य मार्ग भी नहीं

एलपीजी गैस का यह गोदाम जिस स्थान पर संचालित हो रहा है, नियमानुसार वहां तक का पहुंच मार्ग मार्ग समतल एवं आसानी से पहुंच योग्य होना चाहिए। लेकिन, इस गैस गोदाम के पास पूरी तरह समतल स्थान तो छोड़ सड़क तक नहीं बनी हुई है। बड़े-बड़े बोल्डर, पत्थर वाले स्थान पर यह गैस गोदाम स्थित है।

### सोशल मीडिया पर भी हो रही चर्चाएं

गागोरनी में गैस सिलेन्डर ब्लास्ट जैसी घटना के बाद राजगढ़ शहर के एलपीजी गैस गोदाम को शहरी आबादी से दूर शिफ्ट किए जाने को लेकर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर भी आमजन अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशासन को इस गोदाम को शहरी आबादी से दूर करवाना चाहिए। हरिभूमि ने इस बारे में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं एसडीएम रत्नेश श्रीवास्तव से संपर्क करना चाहा लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

### नहीं होना चाहिए

यह सही है कि आबादी क्षेत्र में गैस गोदाम नहीं होना चाहिए लेकिन इसकी अनुमति जिला प्रशासन के माध्यम से मिलती है।

**पवन अवस्थी, सीएमओ, नगर पालिका, राजगढ़**

मैं कल ही इस बारे में एसडीएम साहब से चर्चा करके नियमसंगत कार्यवाही करवाता हूं।

**अनिल शर्मा, तहसीलदार, राजगढ़**

### दो वाहनों से की गई जब्ती करने की कार्रवाई

# माचलपुर क्षेत्र में पौने 3 लाख रुपए की 77 पेटी अवैध शराब पकड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले की माचलपुर पुलिस को अवैध शराब परिवहन के मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने विभिन्न कंपनियों की 77 पेटी अवैध शराब से भरे लोडिंग पिकअप वाहन को पकड़ा है। जब्त शराब की कीमत करीब 2 लाख 70 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने लोडिंग वाहन के चालक और क्लीनर पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक सफेद रंग के लोडिंग पिकअप से अवैध शराब का परिवहन होने वाला है। सूचना के बाद पुलिस ने ग्राम कूमड़ा के समीप चेकिंग प्वाइंट बनाया। चेकिंग के दौरान एक लोडिंग पिकअप गाड़ी बोलेरो वाहन से टोचन करके ग्राम कूमड़ा की ओर जाते पाए जाने पर पर जब उसे रोका तो उसमें अवैध शराब की पेटियां रखी हुई मिलीं। इस संबंध में जब पिकअप चालक ईश्वर सौंधिया निवासी ग्राम कूमड़ी एवं बोलेरो चालक रायसिंह लववंशी निवासी सुंदरपुरा से सवालात किए गए तो वे कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवा पाए।

**शराब सहित दोनों वाहन जब्त-** टीआई पूजा परिहार ने बताया कि पिकअप एवं बोलेरो दोनों वाहनों एवं उनमें से बरामद पूरी शराब जब्त कर ली गई है। इसके साथ ही दोनों आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई वहीं एक आरोपी बीरम सिंह सौंधिया निवासी भंवरपुरा थाना खिलचीपुर फरार है जिसकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी हैं।

# रक्षाबंधन पर्व का आध्यात्मिक कार्यक्रम संपन्न



**ब्यावरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी सेवा केंद्र द्वार रक्षाबंधन पर्व का आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्यावरा सेवा केंद्र संचालिका लक्ष्मी दीदी साहित सभी दीदियों ने अतिथियों को आत्मस्मृति का तिलक लगाकर राखी बांधी और इस पर्व के आलौकिक पर्व में जिला प्रभारी राजगढ़ ,आदरणीय बीके मधु दीदी , दांगी समाज के राष्टीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम दांगी , जनपद प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, नगरसेठ महेश अग्रवाल , वरिष्ठ एडवोकेट चंद्रकांत त्रिपाठी, दांगी समाज के जिला अध्यक्ष रामबगस दांगी , राधेश्याम दांगी सरपंच मोहनीपुरा , रामदयाल पालीवाल सरपंच कचनारिया का स्वागत कर नगर के भाई - बहनों एवं, माताओ बच्चे इत्यादि उपस्थित रहे । साथ ही बड़े हर्ष उल्लास के साथ पर्व मनाया गया। भाई - बहनों को परमात्मा शिव का रक्षा सूत्र बांध कर सर्व आत्माओं को शुभकामनाऐ के साथ ही मुख मीठा करवाया। मधु दीदी ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का पावन पर्व इस संसार में पवित्रता और मर्यादाओं के बंधन में बंधने के लिए ईश्वरीय उपहार है। इससे मानवीय संबंधों की गरिमा स्थापित होती है। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों ने राखी की शुभकामनाएं दीं एवं पवित्रता के महत्व को समझ रिश्तों की मर्यादा को बनाए रखने की बात कही। कार्यक्रम का मनसंचालन सुनीता अग्रवाल के द्वारा संचालित किया गया । कार्यक्रम के समापन में अतिथियों का आभार व्यक्त किया रामेश्वर दांगी सब इंजीनियर बिजली विभाग, परमात्मा का पवित्र रक्षा सूत्र 200 से अधिक संख्या में सम्मिलित रहे ।

### गांव में लगाया गया अस्थाई स्वास्थ्य शिविर

# बेराड़ में उल्टी-दस्त के 15 मरीज मिले स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सुठालिया क्षेत्र के तहत आने वाले ग्राम बेराड़ में शनिवार को उल्टी, दस्त से करीब 15 लोगों के पीड़ित होने की सूचना सूचना स्वास्थ्य विभाग को मिली थी। सूचना मिलते ही विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गांव में चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई सभी बीमारों का उपचार शुरू किया।

विभाग के अनुसार 15 में से 5 गंभीर मरीज अस्पताल में भर्ती हुए जिनमें से 4 ब्यावरा और 1 सुठालिया अस्पताल में अपना उपचार करा रहे हैं। वहीं एक बजुर्ग व्यक्ति रामसिंह 60 वर्ष की ब्यावरा के निजी अस्पताल में मृत्यु की सूचना मिली थी। अस्पताल के डॉक्टर से बात करने पर पता चला कि वो हृदय रोग से पीड़ित थे और दिल का दौरा पड़ने के कारण ही उन्हें अस्पताल भर्ती किया था और उससे ही उनकी मृत्यु हुई है। टीम में शामिल सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल और जिला महामारी नियंत्रक डॉ महेंद्रपाल सिंह ने पूरे गांव का भ्रमण कर बीमार लोगों की पहचान कर उन्हें उपचार दिया। गंभीर रूप से बीमार दिख रहे लोगों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र रेफर करवाया गया। इसके साथ ही विभाग द्वारा गांव में एक अस्थाई चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है। गांव में 3 हैंडपंप और कुछ निजी ट्यूबवेल हैं जिनका पानी ग्रामीण पेयजल के रूप में उपयोग कर रहे थे। इन स्त्रोतों में से कुछ गंदे नाली के पानी के पास स्थित हैं, जिनमें बारिश और नाली का पानी मिल सकता है और इसके पीने से भी ग्रामीणों को डायरिया होने की संभावना जताई जा रही है। जिला महामारी नियंत्रक डॉ महेंद्रपाल सिंह ने बताया कि हमने पेयजल स्त्रोंतों के सैंपल लेने के लिए पीएचई विभाग को कहा है। वहीं बीमार लोगों के स्टूल का सैंपल लेकर जांच के लिए भेज रहे हैं।

# भुजरिया पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

रविवार को परलापुरा लक्ष्मीकांत मंदिर चैक पर महिलाओं द्वारा भुजरिया एक जगह एकत्रित कर गीत गाकर गेहूं के दाने छिटकर महिलाओं ने अपने सिर पर रखकर पार्वती रोड स्थित तलाव पर जाकर गुजरिया तोड़ी गई बता दें कि रक्षाबंधन के अगले दिन भाद्रपद महीने की प्रतिपदा को भुजरिया पर्व मनाया जाता है। इसे कजलिया पर्व भी कहते हैं। इस साल यानी कि 10 अगस्त को भुजरिया पर्व मनाया गया। इस दिन लोग एक-दूसरे से मिलकर गेहूं की भुजरिया देते हैं और उन्हें भुजरिया पर्व की शुभकामनाएं देते हैं इस मौके पर हरिसिंह कुशवाहा पटेल नगरीय साथ उपस्थित रहे इस दौरान पुलिस व्यवस्था दुरुस्त रही।

### पारंपरिक नृत्य ने मोह लिया मन

# विश्व आदिवासी दिवस पर निकाला भव्य चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को शहर में आदिवासी संस्कृति की अद्भुत झलक देखने को मिली। सर्व आदिवासी समाज, संगठन के बैनर तले मांगलिक परिसर से सुबह 11रू30 बजे भव्य चल समारोह का शुभारंभ हुआ युवक-युवतियां पारंपरिक एवं आधुनिक वेशभूषा में सजे-धजे थे। डीजे की धुन और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मनमोहक ताल पर युवाओं ने जमकर आदिवासी नृत्य किया। समारोह में पारंपरिक नृत्य, गीत और अखाड़ों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। चल समारोह के समापन पर स्थानीय मांगलिक भवन में मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें आदिवासी समाज के महापुरुषों की प्रतिमाओं का पूजन किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के इतिहास, संस्कृति और योगदान पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे और समाज की एकजुटता का संदेश दिया। इस दौरान करणसिंह भिलाला,अनिल भिलाला, जनपद अध्यक्ष देव नागर, मनोहरलाल भिलाला, मांगीलाल भिलाला सहित हजारों की संख्या में समाजजन मौजूद थे। अंत में आभार जनपद सदस्य राजेंद्र भिलाला ने माना।

## गागोरनी गांव स्थित सुविधा केंद्र पर ब्लास्ट

**जीरापुर।** नगर से दस किलोमीटर दूर ग्राम गागोरनी स्थित बस स्टैंड पर सुविधा केंद्र पर रखें एलपीजी गैस के 06 सिलेंडर ब्लास्ट हो गए।इस दौरान देखते ही देखते अफरा-तरफी का माहोल बन गया हालांकि इस हादसे में कोई अनहोनी घटना नहीं घटी। जिसमें तीन बकरियां मर गई ।लोग इधर-उधर भागते दिखाई दिए सीएससी केन्द्र पर तत्काल दमकल वाहन पहुंचे जहां आग बुझाई। इस सारे घटनाक्रम को लेकर थाना प्रभारी रवि ठाकुर द्वारा बताया गया कि भोपाल खाद्य विभाग की टीम से अभिमत लिया जावेगा। तथा सुरक्षित टंकियां के लिए क्या नियम है कि जानकारी चाही।तथा इस मामले में प्रेम लववंशी के खिलाफ धारा 3 7 ईसी एक्ट तथा 287 , 325 , 324(5) डीएनएस न्याय संहिता में प्रकरण दर्ज किया गया।

### दोषियों के लिए ऑक्सीजन बनी विपक्ष की खामोशी, जिस मामले में होना थी जांच लीपापोती कर रहे जिम्मेदार

# राशन हितग्राहियों में रोष, विपक्ष भी खामोश....तीन माह के राशन से वंचित रह गए सैकड़ों हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा





जिले में राशन माफिया पर लगाम लगाने की हिम्मत अंततः अभी कोई नहीं जुटा पाया, एक और करोड़ों का राशन बिना किसी ठोस और प्रमाणित आधार के पीओएस मशीनों से हटा दिया गया इसके साथ ही केंद्र द्धारा गरीब हितग्राहियों के लिए एक साथ भेजे गए तीन माह के आवंटन में भी अधिकारियों ने सेंध लगा दी और जून में बटनें वाला राशन अगस्त तक कई हितग्राहियों के पेट की आग को शांत नहीं कर सका।

हजारों टन राशन हटाने से लेकर गरीबों के घर तक राशन न पहुंचने पर किसी जिम्मेदार अधिकारी, जनप्रतिनिधी एवं विपक्ष तक ने सुध नहीं ली। माननीय भी नरसिंहगढ आए परंतु उनके कानों तक भी गरीब हितग्राहियों की बात नहीं पहुंचाई गई यह इस बात का प्रमाण है कि यदि यह भ्रष्टाचार है तो फिर इसमें सभी लोग शामिल है।हैरत तो इस बात की है कि इसमें विपक्ष के रूप में कांग्रेस भी खामोश रही ऐसा लगा की कांग्रेस भी भाजपा के लिए काम कर रही है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी शायद इन बातों पर गौर करेंगे की इस जिले में अधिकतर कांग्रेसी भाजपामय हो चुके है इससे भी जिले में विपक्ष कमजोर हुआ है।

### यह मुद्दे जो कांग्रेस को जनहित में उठाना थे

स्वास्थ्य विभाग में जिले भर में डॉक्टर्स की कमी और प्रसूताओं और बच्चों को इलाज के लिए रेफर का मुद्दा। जिले भर में अवैध खनन किया जाता रहा और कांग्रेस ने एक शब्द तक नहीं बोला। रोजगार के लिए युवा व गरीब परिवार पलायन करने को मतबूर यह भी विपक्ष को दिखाई नहीं दिया।किसानों को समय पर खाद न मिलना, बिजली का बार बार काटा जाना, बिजली विभाग द्धारा मनमाना बिल देकर लोगों से दादागिरी से वसूली करना। मध्यप्रदेश का एक मात्र प्रोफेशनल कॉलेज जो की राजगढ़ में है वहां अभी तक फेकल्टी ही नहीं है परंतु कांग्ेरस इसे भी युवाओं के हित के लिए केस नहीं कर पाई। भाजपा की पिछले 20 सालों से सरकार में होते हुए भी अभी तक जिले में रोजगार के लिए ठोस व्यवस्था नही हो पाई इस मुदद । शहरी विकास में भ्रष्टाचार व्याप्त है परंतु चुप्पी साथ रखी है। इसके साथ ही राशन मूव करने के मामले में पीओएस मशीनों से 5 हजार टन से ज्यादा का राशन हटा दिया गया परंतु कांगेस ने इसे भी हल्के में लेकर आमजनता की आवाज को दबाने का ही काम किया है जिसे भाजपा के पक्ष में काम करने से जोडकर भी देखें तो अतिशिक्योक्ति नहीं होगी। इतना ही नहीं गरीबों के जिस मुद्दे को लेकर विपक्ष को सड़को पर उतरना था उस पर किस्तों में धीमी गति से एक एक बयान जारी कर विपक्ष अपनी आपसी खींचतान को उजागर करने से नहीं चूक रहा बल्कि सत्ता पक्ष के लिए ऑक्सिजन का काम कर रही है विपक्ष।

### पीड़ितों और विपक्ष पर भारी, एक महिला खाद्य अधिकारी

अमूमन ऐसे किसी बड़े अनियमितता के मामले में जांच के समय सबसे पहले संबंधित को हटाया या जांच से दूर किया जाता हे लेकिन राजगढ़ में ऐसा भी हे यहां जेएसओ स्वाती वायकर जो चाहती है वो वरिष्ठ अधिकारी करते है,आखिर कमाऊ पूत जो हैंजिसने मशीनों में खेल कर हितग्राहियों के महीनों के राशन को ही गायब कर दिया वह आज भी वहीं काबिज है और विपक्ष चुप है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी किया दिखावा

जिले भर में राशन मामले में आपूर्ति अधिकारियों की मनमानी के चलते हजारो टन राशन पीओएस मशीनों से हटाया गया साथ ही सैकडों हितग्ारहियो को तीन माह का राशन सिर्फ कागजों के दिलवा दिया गया इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिखावा तो करा परंतु ठोस कार्रवाई करवाने से वह भी बचते नजर आए। जबकि मुख्यमंत्री के आगमन के पहले कांग्रेस ने इस मुद्दे को पकडा था परंतु जैसे जैसे सीएम का आने का कार्यक्रम पास आता गया विपक्ष ने चुप्पी साध ली और ऐसी चुप्पी साधी की आज तक चुप है। जबकि जिला पंचायत अध्यक्ष चाहते तो पूरे जिले का यह बहुत बडा मुद्दा था परंतु इसे हल्के में क्यों छोड दिया गया इस पर जनता प्रश्नचिंह लगा रही है।

**खबर संक्षेप**

## भारत मां के जयकारों से गूंजा आष्टा नगर



**आष्टा।** रविवार को सरकार ग्रुप द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा भोपाल-इंदौर बायपास से शुरू होकर शहर के अलीपुर, सब्जी मंडी, बड़ा बाजार और बुधवारा सहित प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस यात्रा में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों के हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहरा रहा था। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगरपालिका द्वारा नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी मैदान पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस, आर्मी और अग्निवीर की तैयारी कर रहे आष्टा अंचल के युवक-युवतियों को राष्ट्रप्रेम की भावना बढ़ाने के लिए तिरंगे वितरित किए गए।

## अष्ट द्रव्य को थाली में लेकर मंदिर पहुंचे लोग

**आष्टा।** श्री दिगंबर जैन समाज की वर्षों पुरानी परंपरा के तहत लाभार्थी परिवारों के घरों से सुबह साढ़े आठ बजे बैंड-बाजे के साथ अष्ट द्रव्य की थाली लेकर श्रावक-श्राविकाएं नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पहुंचते हैं। इस बार सबसे पहली पूजा के लाभार्थी जितेन्द्र कुमार रुपचंद जैन रहे। उनका निवास कन्नौद रोड पर है। वहां से परिवारजन और समाजजन द्रव्य की थाली लेकर सबसे पहले श्री नेमिनाथ जिनालय नेमिनगर पहुंचे। भगवान के दर्शन किए। इसके बाद साईं कॉलोनी से होते हुए किला स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे। वहां द्रव्य सामग्री मंदिर में सौंपी गई। बीते वर्ष चातुर्मास के दौरान मुनिश्री निष्पक्ष सागर, निष्प्रह सागर, निष्कंप सागर और निष्काम सागर ने समाज की इस परंपरा की सराहना की थी।

### नगर में निकाल भुजरिया चल समारोह का किया जगह-जगह स्वागत

# बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़े के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से निकला चल समारोह

### सनातन धर्म की परंपरा को निभाते हुए लकड़ी डांडिया खेलते हुए मनाया भुजरिया का पर्व, एक दूसरे को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बड़े हर्ष उल्लास के साथ कुशवाहा समाज दर्जीपुरा शास्त्री स्कूल परसराम कंपलेक्स के सामने से भुजरिया अध्यक्ष निखिल शुभम कुशवाहा के नेतृत्व में बैंड बाजे ढोल नगाड़े के साथ भुजरिया चल समारोह के पूर्व सर्वप्रथम जिला कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने भगवान लव कुश के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया कुशवाहा समाज पटेल दलकिशोरी कुशवाहा एवं भुजरिया अध्यक्ष निखिल शुभम कुशवाहा, उपाध्यक्ष विजय कुशवाहा, सचिव सुज्जल ने भगवान लव कुश की आरती कर समस्त कुशवाहा समाज पंचायत के सदस्य गणों का पुष्प माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। बड़ी संख्या में कुशवाहा समाज महिलाओं ने भुजरियो को टोकरी में एकत्रित कर बीच में रखकर हर्षोल्लास के साथ भुजरियो के आसपास घूमते हुए सावन गीत गाते नाचते उत्साह पूर्वक चल समारोह प्रारंभ हुआ। चल समारोह में नासिक के ढोल नगाड़े आकर्षण का केंद्र रहे युवा और पुरुष वर्ग पुरानी सनातन धर्म की परंपरा को निभाते हुए लकड़ी डांडिया खेलते हुए चल समारोह में नाचते गाते उत्साह पूर्वक झूमते हुए चलसमारोह में चल रहे थे। भुजरिया चल समारोह मार्ग पर सामाजिक राजनीतिक जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न संगठनों ने स्वागत सम्मान किया। स्वागत करने वाले प्रमुख संगठन दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष हरेंद्र ठाकुर, बलवीर ठाकुर, अंकित जैन एवं समस्त दशहरा उत्सव समिति ने पुष्प माला साफा पहनाकर स्वागत किया। सकल हिंदू समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, सकल हिंदू समाज अध्यक्षगण राजीव गुप्ता, नारायण भूरू मुकाती, मनीष डोंगरे, मुकेश नामदेव, गोपाल पांचाल, मोंटू कौरी, अचल किरार, लखन पाटीदार,प्रेम नारायण जायसवाल, आदि ने पुष्प वर्षा कर साफा पहनाया आत्मीय सम्मान किया।




### युवा पार्षद तेज सिंह जी राठौड़ मित्र मंडली साफा पहनाकर स्वागत किया

मातृशक्ति किरण कुशवाहा इंदौर, आशा कुशवाहा देवास ने मोतियों की माला पहनकर स्वागत सम्मान किया। हर्ष मेवाड़ा, नितेश मेवाड़ा एवं समस्त मित्र मंडली द्वारा पुष्प एवं गुलाब की माला व सल्फहार कराकर स्वागत किया। अखिलेश राजपूत, राहुल कटारिया, यशवंत मालवीय, देवराज मालवीय, देवेंद्र मेवाड़ा,7) आदि ने पुष्प माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। अंशु ठाकुर मित्र मंडली द्वारा पुष्प एवं साफा बांधकर स्वागत किया। हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष भविष्य कालू भट्ट , शेषनारायण मुकाती, श्री राम मंदिर समिति अध्यक्ष नितिन भट्ट, मनोज ताम्रकार, गणेश सोनी, विनोद सेन, आदि ने पुष्प वर्षा एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। वार्ड 7 के युवा मित्र मंडली आशुतोष नामदेव, हर्ष पटेल, सुमित खत्री, अर्जुन चौहान, अर्जुन मुकाती, हिमांशु परमार, गोलू, आदि ने पुष्पमाला साफा पहनाकर एवं चिल्ड जल पिलाकर स्वागत सम्मान किया। कुशवाहा समाज पूर्व अध्यक्ष भेरूलाल कुशवाहा ने साफा पहनाकर स्वागत किया। मातृशक्ति कमलाबाई कुशवाहा गीता भेरूलाल कुशवाहा ने साफा पहनाकर स्वागत किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, प्रभु प्रेमी संघ महासचिव प्रदीप प्रगति, सुरेंद्र परमार एडवोकेट, नरेंद्र पोरवाल, संजय किला जैन, सुरेंद्र पोरवाल, पल्लव प्रगति, संजय सुराणा, सुनील कचनेरिया एडवोकेट, जीतमल मेवाड़ा, चौरसिया मोबाइल, राज परमार, शुभम शर्मा आदि ने पुष्प वर्षा कर एवं वरिष्ठ एवं युवाओं को साफा पहनाकर व भगवान श्री राम के नाम लिखे वस्त्र के दुपट्टे से आत्मीय स्वागत सम्मान किया। मां पार्वती धाम गौशाला कोषाध्यक्ष संजय सुराणा एवं नितिन सिंघी पीयूष सुराणा ने पुष्प वर्षा एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। श्रीवाल्मीकि समाज राहुल वाल्मीकि मित्र मंडली ने पुष्प वर्षा एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद रवि शर्मा, पार्षद तारा बाई कटारिया, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष नामदेव, पूर्व पार्षद जगदीश खत्री, पार्षद प्रतिनिधि तेजपाल मुकाती, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, पार्षद सलीम भाई आदि में मंच पर साफा पहनाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वरिष्ठ समाजसेवी राजा पारख, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ मीना सिंगी मार्केटिंग सोसायटी पूर्व अध्यक्ष कृपाल सिंह पटाडा, चंद्रवंशी खटीक समाज अध्यक्ष बी एस वर्मा, ने भगवान श्री राम के नाम के वस्त्र के दुपट्टे से स्वागत किया। सभी धार्मिक राजनीति जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों सामाजिक संगठनों ने भुजरिया चल समारोह अध्यक्ष निखिल शुभम कुशवाहा, उपाध्यक्ष विजय कुशवाहा, सचिव सुज्जल कुशवाहा, कुशवाहा समाज पटेल दलकिशोरी कुशवाहा, कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद एवं समस्त कुशवाहा समाज का पुष्प वर्षा एवं साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत बंधन अभिनंदन किया भुजरिया अध्यक्ष निखिल शुभम कुशवाहा ने समस्त स्वागत कर्ता ओ का अभिनंदन आभार प्रतीक चिन्ह भेंट कर हृदय से आभार व्यक्त किया।

# गवा गांव में गेड़ी लड़ाई प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस वर्ष भी सर्व समाज ने सबने मिलकर गेड़ी का आयोजन किया। गवा मे में कई वर्षों से गेड़ी लड़ाई प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का इस बार भी स्वर्गीय सरपंच दिलीप सिंह की स्मृति में आयोजन रखा गया। जिसमें,बड़ी संख्या में प्रतिभागी एवं दर्शन गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ि रीश कुमार सिंह चांदबढ़ जागीर रहे। विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य बने सिंह गुर्जर, सरपंच जगदीश गुर्जर, सरपंच पर्वत सिंह पाटेर, सरपंच जगदीश सिंह सातनवाड़ी, दयाल गुर्जर, वीरेन बना, शिवपाल सिंह आछारोही, ओंकार सिंह आछारोही, राजपाल सिंह मगरदी कला, देवी सिंह तंवर, दुर्गाब अरविंद सिंह मगरदी खुर्द, जगदीश शर्मा मंडल उपाध्यक्ष ऋतुराज सिंह, व्यवस्थापक के रूप में रतन सिंह सोलंकी, महेंद्र गुर्जर, कृष्ण पाल सिंह, प्रहलाद सिंह, करतार सिंह, चोटी लाला उप सरपंच, गोल बना, गट्टू बना, रमेश केवट, संतोष प्रजापति, संतोष सेन, महेन्द्र सोलंकी, विशाल देवड़ा, राजेंद्र सिंह व पूरी आयोजन समिति उपस्थिति रही। देर रात तक चले कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों ने पुरस्कार वितरण किया। इस आयोजन को देखने के लिए दूर-दूर के ग्रामो से आस पास लोग बड़ी संख्या पहुंचे।

## हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत आज निकलेगी रैली

**सीहोर।** नागरिकों में देशभक्ति और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में 02 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। अभियान के तहत सीहोर में 12 अगस्त को दोपहर 03 बजे वृहद बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली शासकीय आवासीय खेलकूद परिसर से प्रारंभ होगी और कोतवाली चौराहा तथा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः आवासीय खेलकूद परिसर पहुंचेगी। इसी प्रकार अभियान के तहत 13 अगस्त को प्रातः 09:30 बजे सीहोर स्थित पुलिस परेड ग्राउंड पर विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

## स्वर्गीय कैलाश नारायण की स्मृति में राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज से

**सीहोर।** स्वर्गीय श्री कैलाश नारायणजी की स्मृति में राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज मंगलवार, 12 अगस्त से स्थानीय चर्च ग्राउंड पर शाम 4 बजे से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश की 16 टीम में भाग ले रही है। प्रति 1 दिन चार मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, शिवपुरी, नीमच, सीहोर, मंडला, बालाघाट, छिंदवाड़ा, देवास, सिंगरौली सहित प्रदेश भर की टीम भाग लेंगी। प्रतियोगिता का आयोजन चर्च ग्राउंड एवं आवासीय खेल मैदान पर किया जा रहा है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने दी।

# स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग कार्यक्रम में किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता,स्वतंत्रता का उत्सव-स्वच्छता के संग अभियान अंतर्गत 8 अगस्त 2025 से 15 अगस्त तक तिरंगा अभियान और स्वच्छता सम्बन्धी गतिविधियों का दैनिक कलैण्डर अनुसार प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन विधानसभा क्षेत्र आष्टा की 144 ग्राम पंचायतों तथा 282 ग्रामों में किया जा रहा है। जिसमें तिरंगा यात्रा, स्वच्छता संवाद, स्वच्छता शपथ, हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, संस्थागत स्वच्छता, ग्राम स्तरीय संस्थाओं में उपलब्ध शौंचालयों को स्वच्छ और उपयोगी बनाना, ध्वजारोहण स्थाओं की सफाई और उनका सौंदर्यीकरण, अमृत सरोवरों के आस-पास की सफाई, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु उपलब्ध परिसम्पत्तियों की सफाई व उनको उपयोगी बनाना आदि शामिल है। इसी श्रंखला में सोमवार को जनपद पंचायत आष्टा के ग्रामों में तिरंगा रैली, स्वच्छता संवाद, स्वच्छता शपथ, संस्थागत स्वच्छता श्रमदान किया गया। विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर और जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान की गरिमामयी




उपस्थिति में गांव-गाव पंचायत-खड़ी हाट के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता रैली, तिरंगा रैली, स्वच्छता संवाद और स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार व्यास द्वारा स्वतंत्रता का उत्सव-स्वच्छता के संग अभियान अंतर्गत प्रतिदिन संचालित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तार से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक द्वारा देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और मख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रारम्भ किये गए। हर घर तिरंगा -हर घर स्वच्छता अभियान के महत्त्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसी के साथ अपने उदबोधन में उन्होंने ग्राम पंचायत-खड़ी हाट में चल रहीं स्वच्छता गतिविधियों की सराहना की और हर घर स्वच्छता बनाये रखने के लिए ग्रामीणों से अपील की तथा गांव में किसी भी स्थान पर गन्दगी नहीं फ़ैलाने के लिए भी लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने अपने उदबोधन में ग्राम पंचायत-खड़ी हाट को राज्य तथा प्रदेश स्तर पर स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने एवं अच्छी रैंक लाने के लिए प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान द्वारा अपने उद्बोधन में ग्राम पंचायत खड़ी हाट में स्वच्छता के क्षेत्र में किये जा रहे। अभिनव प्रयासों की सराहना की गई और प्रतिदिन स्वच्छता बनाये रखने के लिए स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा स्वच्छता एक या दो दिनों का कार्य नहीं है। इसे अपनी आदत में शामिल करना है। इसके बाद भाजपा जिला महामंत्री धारा सिंह पटेल द्वारा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2014 में प्रारम्भ किये गये स्वच्छ भारत मिशन की उपयोगिता और उनके घटकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्थानीय ग्रामीणों से अपने आस-पास तथा संस्थाओं में स्वच्छता को बनाये रखने के लिए निवेदन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विधायक द्वारा ग्राम पंचायत में नियमित तौर पर कार्य करने वाले स्वच्छता मित्रों सीताराम डूमाने और सुनील डुमाने को स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम का आभार शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रभारी प्राचार्य कमल सिंह मालवीय द्वारा व्यक्त किया गया। ब्लॉक समन्वयक गौरव सिंह राठौड़, जनप्रतिनिधिगण, पंचगण, शिक्षकगण और अन्य गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# वैश्विकरण के इस दौर में सनातन संस्कृति के साथ हम सब आगे बढ़े: ब्रह्मा कुमारी कुसुम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भुमंडलीकरण के कारण विभिन्न संस्कृतियो का सनातन में विलिनीकरण हो रहा है और सम्पूर्ण मानव समाज आधुनिकता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है आधुनिकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण वर्तमान जीवन हेतु आवश्यक होता जा रहा है किन्तु आधुनिकता के कारण यह कभी नहीं होना चाहिए की हमसे हमारी संस्कृति,संस्कार,और सनातन के मूल्य पीछे छूट जाये।आधुनिकता के इस दौर में हमें वैश्विकरण को अंगीकार करते हुए अपने सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवेश को जीना है इस वैश्विकरण के युग में कहीं एसा ना की स्वयं का सनातन परिवेश अदृश्य हो जाए और आधुनिकता के आडंबर हावी होकर व्यक्ति को अनैकिता की और ले जाए, किलेरामा एकदम विशालता की और बढ़ रहे आष्टा के समीपस्थ है परन्तु ग्रामीणता की सौंधी सुगंध यहां व्याप्त है यहां पीढ़ियों से निवासरत ग्रामीणजन सनातन संस्कृति का पूर्ण सम्मान कर उसको अपने जीवन का अंग अभिन्न बनाए हुए है इस आशय के प्रवचन ग्राम किलेरामा में पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार पूर्व सरपंच मधुसूदन परमार वरिष्ठ अभिभाषक सुरेन्द्र सिंह परमार,अभिभाषक वीरेंद्र परमार के आवास पर रक्षा बंधन की पावन बेला में स्थानीय ब्रह्मा कुमारी आश्रम शांति सरोवर की प्रमुख कुसुम दीदी ने व्यक्त किए , ब्रह्म कुमारी नीलिमा दीदी ने ब्रह्मचर्य की महत्ता को उल्लेखित करते हुए कहा कि निसंदेह परमार परिवार की सेवा भावना अतिविशिष्ट जनों से अधिक साधु संतो की सेवा में रहती है इस अवसर पर कैलाश परमार मधुसूदन पूर्व सरपंच वरिष्ठ, अभिभाषक सुरेन्द्र सिंह परमार, प्रसिद्ध अभिभाषक वीरेंद्र सिंह परमार, प्रगति शील कृषक लोकेंद्र सिंह परमार के साथ सभी परिजन तथा ग्रामीण जन उपस्थित थे, रक्षा बंधन में राखी बांधने पधारी ब्रह्मा कुमारी दीदीयो का शाल श्री फल से अभिनंदन करते हुए पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार ने ब्रह्माकुमारी दीदियो द्वारा प्रदान की गई ईश्वरीय सौगात हेतु आभार प्रकट किया।

### श्री जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ व नवरत्न परिवार के तत्वाधान में हुआ जिनालय का शुद्धिकरण

# महावीर स्वामी, श्री सीमनधर स्वामी मंदिर दादावाडी में भी हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में पहाड़ी पर बना आष्टा का मिनी गिरनार तीर्थ आष्टा और बाहर से पधारे हुए यात्रियों का मन मोह लेता है। यह तीर्थ तपस्वी सम्राट आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय राजतिलक सुरीश्वर महाराजा के शिष्य रत्न आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय हर्ष तिलक सुरीश्वर महाराज साहब की निश्रा में चल रहा है। इस तीर्थ में बहुत ही सुंदर ठहरने की और भोजनशाला की व्यवस्था है।

इस तीर्थ में मूल नायक परमात्मा 2200 सो वर्ष से भी अधिक प्राचीन श्री नेमिनाथ दादा की प्रतिमा विराजमान है। भू गर्भ से प्रकट हुई हजारों वर्ष प्राचीन श्री शंखेश्वर दादा की प्रतिमा भी विराजमान है। मंदिर प्रांगण में तपस्वी सम्राट आचार्य देव श्रीमद् विजय राजतिलक सूरीजी महाराजा का कमल के आकार में बना गुरु मंदिर और एक तरफ कमल के आकार में चोमुख प्रतिमाएं विराजमान है। इस तीर्थ की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां जो भी यात्री एक बार आता है वह बार-बार आने का प्रयास करता है। इस तीर्थ में प्रतिष्ठा के समय जो भी काम हुए वह सारे काम परमात्मा के नाम के पहले अक्षर से प्रारंभ हुवे जैसे की प्रतिष्ठा करवाने आए प्रतिष्ठाचार्य



उनका नाम नवीन भाई जामनगर वाले प्रतिष्ठा करने आए। आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय नेय वर्धन सुरीजी महाराजा प्रतिष्ठा में भगवान के माता पिता जो बने उनका नाम निलेश भाई उर्वशी बेन मुंबई मंदिर के नो दरवाजे मंदिर जी के पास बना नेमीनाथ नगर प्रांगण में जो परमात्मा को पुष्प चढ़ाए जाते हैं। उसके लिए जो पुष्प वाटिका बनी हे उसका नाम नेमिनाथ वाटिका मंदिर जी का जब कार्य प्रारंभ हुआ था। बनाने के लिए उस समय नेमीचंद रांका और ताराचंद रांका अध्यक्ष थे। ऐसे बहुत से और उदाहरण है जो की नेमिनाथ भगवान के नाम के साथ ही प्रारंभ हुए हैं। आज इस जिनालय में श्री जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ और नवरत्न परिवार के संयुक्त तत्वाधान में 2011 से प्रतिवर्ष शुद्धिकरण का कार्य होता आ रहा है। आज श्री महावीर स्वामी गंज मंदिर ओर श्री सीमनधर स्वामी मंदिर दादावाडी में भी शुद्धिकरण हुआ जिसमें बढ़-चढ़कर श्रावक एवं श्राविकाओं ने अपना योगदान दिया आज छोटे बच्चों ने भी अपना योगदान दिया। पर्वाधिराज पर्यूषण महापर्व प्रारंभ होने से पहले पूरे मंदिर जी ओर समस्त प्रतिमाओं का शुद्धिकरण किया गया। साथ ही साफ सफाई की गई।

शुद्धिकरण करने में मालव गिरनार तीर्थ के कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र प्रकाश रांका, सचिव नवनीत संचेती, उपाध्यक्ष निर्मल रांका, सह सचिव कैलाश बोहरा, सुशील धारीवाल, अनिल श्री श्रीमाल, विनीत सिंगी, चातुर्मास समिति के पूर्व अध्यक्ष राज कुमार श्री श्री माल, मुकेश चतरमुथा, खेमचंद सिंगी, गो सेवक समाज सेवी विपिन सिंघवी, हर्षद श्री माल, वैभव पारख, लक्ष्मी नारायण सोनी, कमल नेपाली, अखिलेश छाजेड़, बसंत छाजेड़, आशीष धूपिया, पंकज डूंगरवाल, तरुण चतरमुथा, मन ललवानी और भी बहुत सारे मेंबरों ने अपना योगदान दिया।

# बारिश से सोयाबीन की फसल को मिला जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

रविवार दोपहर बाद जावर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में तेज बारिश हुई। 12 दिन बाद हुई इस बारिश से मुरझा रही सोयाबीन की फसल को राहत मिली। तेज धूप और उमस से परेशान लोगों को भी गर्मी से राहत मिली है। सुबह से ही आसमान में बादल छाए थे। दोपहर करीब 3 बजे तेज बारिश शुरू हुई, जो आधे घंटे तक चली। इससे नगर की सड़कों पर पानी बह निकला। बारिश नहीं होने से खेतों में सूखा पड़ने लगा था। सोयाबीन की फसल मुरझा रही थी। फूल झड़ने लगे थे। पत्ते सूखने लगे थे। फसल की बढ़त रुक गई थी। इल्ली का प्रकोप भी बढ़ रहा था। किसानों का कहना है कि इस समय बारिश बहुत जरूरी थी। तापमान 30 से 32 डिग्री तक पहुंच गया था। इससे फसल पर असर साफ दिखने लगा था। किसान खुमान सिंह पटेल ने बताया कि अगर जल्द बारिश नहीं होती तो सोयाबीन की फसल पूरी तरह खराब हो जाती। दोपहर में पौधे मुरझाने लगे थे। इससे उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका थी। हालांकि आधे घंटे की बारिश ने फसल को जीवनदान दे दिया है। जिन क्षेत्रों में रविवार को भी बारिश नहीं हुई वहां की हालत काफी खराब है। वहां पतली जमीन का पौधा तो दोपहर में मुरझाने लगा है और फूल भी गिरने लगे हैं। किसान अरविंद सिंह ने बताया कि पिछले साल खराब हुई सोयाबीन की फसल की बीमा क्लेम राशि अभी तक सरकार ने किसानों को नहीं दी है। पिछले साल सोयाबीन की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई थी।